# फर्द अहकाम

## (नियम--26)

**लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज0)**

डॉ. रामकिशन पोहिया पूर्व वरिष्ठ शोध अधिकारी, 152, दीनदयाल नगर, भरतपुर

**बनाम**

मीरायन शोध संस्थान, 108, सेक्टर 8, प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 19/2019

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 11.02.2019 | सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी डॉ. रामकिशन पोहिया, पूर्व वरिष्ठ शोध अधिकारी, 152, दीनदयाल नगर, आर. बी. एम. अस्पताल के पीछे, भरतपुर द्वारा सूचना प्राप्ति हेतु दिनांक 08.01.2019 को लोक सूचना अधिकारी, मीरायन शोध संस्थान, चित्तौड़गढ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने पर, लोक सूचना अधिकारी, मीरायन शोध संस्थान, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रार्थी को समय पर सूचना उपलब्ध नही कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गयी है।<br>यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। लोक सूचना अधिकारी, मीरायन शोध संस्थान, चित्तौड़गढ़ लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) की श्रेणी के अन्तर्गत नहीं आते हैं।<br>चूंकि लोक सूचना अधिकारी, मीरायन शोध संस्थान, चित्तौड़गढ़ लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) की श्रेणी में नही आते हैं, जिससे प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई नही की जा सकती है। अतः अपीलार्थी को संबंधित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के यहां अपील प्रस्तुत करने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे।<br>(शिवांगी स्वर्णकार)<br>लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी | 18/2/19 |

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official